**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल ने आदिवासी क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए की पहल

## जनजाति क्षेत्र के लोगों को स्वावलंबी बनाकर मुख्यधारा में लाने के लिए सतत प्रयास जरूरी- राज्यपाल

जयपुर/ माउंट आबू, 10 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से अनुसूचित जनजाति उप परियोजना के अंतर्गत माउंट आबू क्षेत्र के आदिवासी किसानों को मिनी दाल मिल, उन्नत कुक्कुट नस्ल एवं स्टील बीज भंडारण टंकियों का वितरण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाने के साथ-साथ देश की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र के लोगों को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर मुख्यधारा में लाने के लिए सतत प्रयास जरूरी हैं।

राज्यपाल ने आबू रोड, पिंडवाड़ा एवं पाली में चयनित किसानों के सशक्तीकरण के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की परियोजना के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. बी.आर. चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा लाभार्थियों का चयन कर कृषि एवं पशुपालन से संबंधित तकनीकियों का प्रशिक्षण निरंतर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय जोधपुर के विशेषाधिकारी डॉ. बनवारी लाल ने जनजातीय क्षेत्र के लोगों के लिए विश्वविद्यालय की पहल पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और जनजाति क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

-------